● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 278, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 24 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



छग के मंत्री सड़क दुर्घटना में घायल 5





पर्थ में बरसे जसप्रीत बुमराह 6

## जिसके घर में गाय का कुल, वह घर गोकुल : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला का किया भूमि-पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास है। जो भी गोवंश का पालन करे वही गोपाल है, जिसके घर में गाय का कुल वह घर गोकुल है। अत: प्रत्येक व्यक्ति और परिवार को घर में गोपालन के लिए पहल करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिना धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव के हमें गौ-पालन को प्रोत्साहित करना है। परंपरागत रूप से भी भारत में सभी धर्म और जाति के लोग गौ-पालन करते हैं और यही हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के ग्राम बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि भोपाल जिले के बरखेड़ी डोब ग्राम में 25 एकड़ क्षेत्र में 15 करोड़ रूपए की



लागत से गौ-शाला का निर्माण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाईटेक गौ-शाला भूमि-पूजन स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम गौ-माता को दुलार कर नमन किया तथा उन्हें आहार सामग्री अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश में गोवंश संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए संचालित गतिविधियों पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व के अधिकांश देशों में दुग्ध की आपूर्ति गौ-माता ही करती हैं। सनातन संस्कृति में गौ-माता का महत्व इससे स्पष्ट हो जाता है कि मानव जीवन की पूर्णता के लिये गौ-दान आवश्यक बताया गया है। बदलती जीवनशैली में गौ-शालाओं का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। इसे देखते हुए राज्य शासन द्वारा विशाला गौ-शाला स्थापित करने की दिशा में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है, वर्तमान वर्ष में अब तक 300 गौ-शालाओं का पंजीयन हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठन भी गौ-शाला संचालन में पहल कर रहे हैं। गौ-पालन परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ परिवार को पोषक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में भी सहायक है। अत- घर-घर बछिया उपलब्ध कराकर दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की व्यवस्था कर रही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश, देश के कुल दुग्ध उत्पादन में 9 प्रतिशत का योगदान देता है। इसे अगले पाँच वर्ष में 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय विद्यालय सूखी सेवनिया को सीएम राइज विद्यालय बनाने और सूखी सेवनिया रोड को विभागीय मद अनुसार फोरलेन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बरखेड़ी डोब क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के माध्यम से गौ-माता से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा कोर्स आरंभ किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में एनडीए की सुनामी, झारखण्ड में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। इन सभी चुनावों में भाजपा और कांग्रेस समेत समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर रही।

दिन की सबसे बड़ी खबर महाराष्ट्र से रही। यहां भाजपा और सहयोगी दलों (शिंदे शिवसेना और अजित पवार एनसीपी) की सुनामी नजर आई है। अकेली भाजपा अपने दम पर बहुमत के काफी करीब तक पहुंच गई। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। शिवसेना और एनसीपी के बीच असली और नकली की लड़ाई पर जनता का फैसला भी साफ नजर आया। वहीं झारखंड में शुरू मे कांटे की टक्कर की टक्कर नजर आई, लेकिन फिर झ्रूरू के दम पर इंडी गठबंधन आगे बढ़ गया। उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव भाजपा के शानदार साबित हुए हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से महायुति को 234 सीटें मिली हैं जबकि महाविकास अघाड़ी को 48 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। 6 सीटे अन्य खातें में गई है। इसी तरह झारखण्ड की 81 विधानसभा सीटों में से इंडिया गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली है जबकि एनडीए के खाते में 24 सीटें गई है एक सीट अन्य के खाते में गई है। इस तरह छत्तीसगढ़ में इंडिया गठबंधन अपनी सरकार बचाने में कामयाब रही है। महाराष्ट्र चुनाव परिणाम की स्थिति स्पष्ट होने के बाद देवेंद्र फडणवीस के घर नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया। बधाई के लिए बड़े नेताओं के फोन आने लगे। वहीं नई दिल्ली से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी फोन किया। शाह और फडणवीस के बीच करीब 25 मिनट बात हुई। शाह ने एकनाथ शिंदे और अजित पवार से भी बात की।

महाराष्ट्र में जीत के साथ ही देवेंद्र फडणवीस का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। भाजपा 125 सीट पर जीत दर्ज करती नजर आ रही है। इस तरह अब देवेंद्र फडणवीस का दावा एकनाथ शिंदे या अजित पवार से कहीं बड़ा हो गया है।

प्रशांत किशोर (पीके) अपनी पहली ही परीक्षा में फेल होते नजर आ रहे हैं। उन्होंने उपचुनाव में बिहार की सभी चार सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, जो तीसरे और चौथे नंबर पर चल रहे हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार, वर्ली विधानसभा क्षेत्र में शिव सेना के मिलिंद देवड़ा आगे चल रहे हैं, शिव सेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे पीछे चल रहे हैं।

## वायनाड में प्रियंका चार लाख से ज्यादा वोटों से जीती

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ ही आज 13 राज्यों की 46 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों वायनाड और नांदेड़ का चुनाव परिणाम भी आएगा। वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में हैं। वहीं भाजपा ने उनके विरोध में नव्या हरिदास को चुनावी मैदान में उतारा है। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों नेताओं के बीच देखा जा रहा है। वहीं, एक और लोकसभा सीट नांदेड़ का भी आज चुनाव परिणाम आएगा। नांदेड़ में कांग्रेस ने रवींद्र चह्वाण को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने उनके विरोध में डॉ. संतुक हंबार्डे को मैदान में उतारा है। राहुल गांधी द्वारा वायनाड सीट को खाली करने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां से प्रियंका ने लाखों की बढ़त हासिल कर ली है। अभी तक की गिनती के मुताबिक, प्रियंका गांधी को 622338 वोट मिले हैं। वो 410931 वोटों से आगे हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सीपीआई के उम्मीदवार सत्यन मोकरी हैं। उन्हें 211407 वोट मिले हैं। बात अगर भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास की करें तो उन्हें मात्र 109939 वोट मिले हैं। वो 512399 वोटों से पीछे हैं। दक्षिण भारत की वायनाड लोकसभा सीट पर गांधी परिवार की सियासी किस्मत दांव पर है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी हैं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुई हैं। प्रियंका से पहले उनकी दादी इंदिरा, मां सोनिया और भाई राहुल भी दक्षिण भारत से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। नांदेड़ में कांग्रेस के रविंद्र चव्हाण और भाजपा के संतुत राव हंबरडे के बीच मुख्य मुकाबला है। नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने बढ़त बना रखी है। यहां कांग्रेस के रवींद्र वसंतराव चाह्वाण ने 538 वोटो की बढ़त बना रखी है।

## महाराष्ट्र के नतीजों से खुश नहीं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुश नहीं हैं। चुनाव में महायुति को बहुमत मिलने पर राहुल गांधी ने हैरानी जताई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे अप्रत्याशित हैं। हम इनका विस्तार से विश्लेषण करेंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी 49 सीटें ही हासिल कर पाई है। झारखंड के लोगों का इंडिया को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## विश्वास नहीं था महाराष्ट्र ऐसा व्यवहार करेगा : उद्धव

मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे निराश नजर आए। उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजे पूरी तरह से अप्रत्याशित और समझ से परे हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि जिस महाराष्ट्र ने कोविड के दौरान परिवार के मुखिया की तरह मेरी बात सुनी थी, वह मेरे साथ इस तरह का व्यवहार करेगा।

उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजे अपनी जगह हैं, लेकिन हम महाराष्ट्र के अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। उद्धव ने कहा कि भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे नारे ने



कोई काम नहीं किया। कुछ चीजें धर्म निरपेक्ष होती हैं, जैसे बेरोजगारी और महंगाई। हर कोई इनसे प्रभावित होता है। इसलिए यह नारा कारगर नहीं हुआ। हम चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगे। हार के कारणों पर मंथन करेंगे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना उद्धव ने 20 सीटों पर जीत हासिल की है। उद्धव ठाकरे ने 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पिछले चुनाव में शिवसेना दो गुटों में नहीं बंटी थी। पिछली बार शिवसेना को 56 सीटें मिली थीं। इस बार शिवसेना के दोनों धड़ों को मिला दें तो सीटों की संख्या 70 के पार हो जाती है। दोनों ही धड़ों को मिले मत प्रतिशत को देखें तो भी इन्हें करीब 23ब वोट मिले हैं, जो पिछली बार के 16ब वोटों से ज्यादा है। सीधे तौर पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी का सफलता प्रतिशत बेहतर रहा। शिवसेना के सत्तारूढ़ धड़े ने इस बार 81 सीटों पर चुनाव लड़ा और वह 57 सीटों पर जीत हासिल करती दिख रही है।

## विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में दो और गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल घाटी में 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 34 हो गई। पुलिस ने बताया कि वे इनपुट की जांच कर रहे हैं और 16 नवंबर को इंफाल घाटी में विधायकों के घरों में हमला करने वाले अतिरिक्त संदिग्धों की भी तलाश जारी है। एक अधिकारी ने कहा कि विधायकों के घरों तोड़फोड़ और आगजनी मामले की जांच की जा रही है। मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं का निलंबन भी दो दिनों के लिए बढ़ा दिया।

## उपचुनाव में सभी छह सीटों पर टीएमसी की जीत

**कोलकाता।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों में उपचुनाव के नतीजे भी आज जारी हुए। पश्चिम बंगाल की छह सीटों पर हुए उपचुनाव में टीएमसी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। इसी के साथ अन्य तीन सीटों पर भी बढ़त बनाए हुए है। उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्य के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के नतीजों से उन्हें लोगों के लिए काम करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, मैं तहे दिल से मां माटी मानुष को धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं। आपका आशीर्वाद हमें आने वाले दिनों में लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा। मनुष्य ही हमारा भरोसा है।

## विजयपुर में कांग्रेस विजयी, मंत्री रावत हारे

**भोपाल।** आज यानी 23 नवंबर को विजयपुर और बुधनी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। विजयपुर में कांग्रेस जीती है तो बुधनी में भाजपा ने विजय प्राप्त की है। बुधनी उपचुनाव में भाजपा के रमाकांत भार्गव 13901 वोटो से जीते। कांग्रेस के राजकुमार पटेल को मात दी। आधिकारिक घोषणा बाकी।

बुधनी उपचुनाव में अब बस एक राउंड की गिनती बाकि है। भाजपा के रमाकांत भार्गव 11310 वोटों से आगे हैं। उन्हें अब तक 99291 वोट मिले हैं, वहीं कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 87981 वोट मिले हैं।

विजयपुर उपचुनाव में वन मंत्री रामनिवास रावत की हार के बाद कांग्रेस में जीत का उत्साह है। अब भाजपा ने विजयपुर में री काउंटिंग की मांग की है। बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा 7228 वोटों से हराया है।

बुधनी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की लीड लगातार बढ़ती जा रही है। 11 राउंड की गिनती के बाद भाजपा की बढ़त 10051 वोटों की हो गई है। भाजपा के रमाकांत भार्गव को 91289 वोट मिले हैं तो कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 81238 वोट मिले हैं। दो राउंड की गिनती बाकि है।

दस राउंड की गिनती के बाद भाजपा को दस हजार वोटों की बढ़त मिली है। भाजपा के रमाकांत भार्गव को 83368 वोट मिले हैं तो कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 73226 वोट अब तक मिल चुके हैं। दोनों के बीच का अंतर 10142 वोटों का हो गया है। तीन राउंड की गिनती जारी है। कांग्रेसियों में उत्साह है, कहा जा रहा है कि जहां इस सीट पर एक लाख मतों से पिछली बार भाजपा जीती थी, वहीं अब यह अंतर दस हजार वोट का रह गया है। बुधनी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की लीड लगातार बढ़ती जा रही है। ताजा आंकड़ों को देखें तो नौ हजार से ज्यादा वोटों से भाजपा के रमाकांत भार्गव आगे चल रहे हैं। कांग्रेस के राजकुमार पटेल प्रतिद्वंद्वी से 9773 वोटों से पिछड़ गए हैं। रमाकान्त भार्गव को 74911 और राजकुमार पटेल को 65138 वोट मिले हैं।

## हमें जनता की अदालत में जीत मिली : सिद्धारमैया

**बंगलौर।** कर्नाटक में विधानसभा उपचुनावों के नतीजों से उत्साहित कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि उन्होंने %जनता की अदालत% में जीत हासिल की है। इन तीनों सीटों पर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। उन्होंने संदूर, शिगगांव और चन्नपटना में विधानसभा उपचुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय गारंटी योजनाओं को दिया। विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सीएम सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से कहा, आप जानते हैं कि महात्मा गांधी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि जनता की अदालत अदालतों से बेहतर है। अब जनता की अदालत ने मुझे अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने बताया कि यह जीत कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि भाजपा और जेडीएस ने गठबंधन किया था। हमने कल्याण कर्नाटक (संदूर), कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र (शिगगांव) और पुराने मैसूर क्षेत्र (चन्नपटना) से जीत हासिल की।

## दिल्ली की हवा हुई और जहरीली, एक्यूआई 400 के पार

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है। हर तरफ स्मॉग की मोटी चादर छाई है। लोग इस प्रदूषण में सांस लेने को मजबूर हैं। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी बढ़ने लगी हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शनिवार को एक बार फिर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 412 दर्ज किया गया। इसमें गुरुवार के मुकाबले 19 सूचकांक की वृद्धि हुई है, जोकि गंभीर श्रेणी है। दो दिन बाद फिर हवा दमघोंटू हो गई है। वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आनंद विहार सहित 18 इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है। यह आलम तब है जब पूरे दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू है।

## सीएनजी सिलिंडर लदे ट्रक में लगी आग, धमाकों से दहला इलाका

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में जलालाबाद और कांट के बीच पुरैना गांव के पास स्टेट हाईवे पर शनिवार करीब साढ़े छह बजे सीएनजी सिलिंडर लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। धमाके होने से इलाके में दहशत फैल गई। हाईवे के बीचोंबीच खड़ा ट्रक कुछ ही पलों में आग का गोला बन गया। लपटें देखकर दोनों वाहनों के पहिये थम गए। बताया गया कि चालक और क्लीनर ट्रक से कूदकर फरार हो गए हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर से सीएनजी सिलिंडर लदा ट्रक जलालाबाद की ओर जा रहा था। राहगीरों ने बताया कि पुरैना गांव के पास ट्रक में रखे सिलिंडर से तेजी से गैस निकलने लगी। इसकी जानकारी होने पर चालक ने ट्रक रोक दिया। चालक और क्लीनर ट्रक से कूदकर भाग गए। कुछ ही देर में ट्रक आग का गोला बन गया। लगातार छह सात धमाके हुए, जिससे दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल यूनिट मौके पर पहुंच गई। दमकल ने ट्रक में लगी आग को बुझाया। घटना से करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा है। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के गांवों के लोग भी सहम गए। जब वे मौके पर पहुंचे तो घटना का पता चला। पुलिस ने ट्रक को हाईवे से हटवाया।

## एकजुट होकर हम और ऊंची उड़ान भरेंगे : पीएम मोदी

### पीएम ने महाराष्ट्र की जीत के लिए मतदाताओं का जताया आभार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिला चुका है। राज्य में भाजपा और उसके सहयोगी 141 सीटों पर आगे है। इसी के साथ इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र में बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। इसी के साथ उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को आश्वासन दिया कि गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र



में महायुति की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक साथ होकर हम और भी ज्यादा ऊंची उड़ान भरेंगे। महाराष्ट्र के भाइयों और बहनों, विशेषकर राज्य के युवा और महिलाओं का एनडीए की ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जय महाराष्ट्र। इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि-कोटि वंदन। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब आंबेडकर जी, ज्योतिबा फुले जी और वीर सावरकर जी की पुण्यभूमि महाराष्ट्र ने विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले महायुति गठबंधन को इतना प्रचंड जनादेश देकर भ्रम और झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। यह जीत हर एक महाराष्ट्रवासी की जीत है। महाराष्ट्र के अलावा झारखंड में भी विधानसभा चुनाव हुआ। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन आगे है, जबकि भाजपा गठबंधन महज 18 सीटों पर ही आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में झामुमो गठबंधन के प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मैं झारखंड के लोगों का हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं झामुमो को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश वासियों का आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही, झारखंड भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# बाल मजदूरी : गरीबी या लाचारी छोटे-छोटे बच्चो से करवा रही मजदूरी

## होटलो एवं रेस्टोरेंटो में काम करने को मजबूर है बाल श्रमिक, विभाग की लापरवाही





सिंगरौली। सरकार बाल श्रमिकों के हित में कई कार्यकारी योजनाएं संचालित कर रही है। लेकिन जिस उम्र में मासूमों के हाथों में किताबें पेन होनी चाहिए,उन्हीं मासूमों के हाथों में कूड़ा बीनते ,जूता साफ करते,मन्दिरों पर मजदूरी पर प्रसाद बेंचते व होटलों पर चाय व खाने के बर्तनों को साफ करते देखे जा सकते हैं। जिसके बदले में उन्हें एक वक्त का खाना व कुछ पैसे मात्र मिल जाते है। लेकिन कुछ जगहों पर काम में किसी भी प्रकार की गलती होने पर इन मासूमों पर उनके मालिकों द्वारा इन्हें कड़ी प्रताड़ना भी दी जाती है। लेकिन बाल श्रम विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी क्षेत्र के आसपास स्थित फैक्ट्री और ढाबों,होटलों,ईंट भठ्ठा,मन्दिरों आदि जगहों पर काम करने वालों बाल श्रमिकों के लिए कोई कार्यवाही न कर मात्र कागजी कार्यवाही कर सारे मामले को निपटाने में लगे रहते हैं। जबकि विभागीय अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक पूरे राजधानी से लेकर तहसीलों में पढ़ने वाले प्रतिष्ठानों में जब कभी ही सही पर छापेमारी पर कार्रवाई करना तो दूर उन प्रतिष्ठानों पर यही अधिकारी बाल श्रमिकों के हाथों चाय पकौड़े उड़ाते हैं। सूत्रों की मानें तो अधिकारी शिवाय औपचारिकता निभाने के अलावा कुछ नहीं करते हैं। जब मामला किसी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का होता है तो यह लोग हर मामले में मालिक से सांठगांठ कर सारी कार्यवाही को मात्र औपचारिकता में निपटाते रहते हैं। जिसके चलते इन मासूमों का भविष्य अंधकार में होता रहता है और जिम्मेदार मौन धारण किए रहते हैं। इनका छिनता बचपन 21वीं सदी के भारत की आर्थिक तरक्की के काले चेहरे को पेश करता हैं। इन बच्चों के तबाह हो रहे बचपन को देखकर आजादी के 7 दशकों बाद भी सभ्याचार समाज की उस तस्वीर पर कई सवाल खड़े होते हैं, जहां बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता है। भले ही बाल मजबूरी को रोकने के लिए सरकारों की ओर से कानून तो बनाए गए हैं परंतु कानून की फाइलें दफ्तरों में ही दम घुटती रह जाती हैं।

### मौलिक अधिकारो से हैं वंचित

बालश्रम की समस्या बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है। जो की सविधान के विरुद्ध है और मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघन है। भारत के संविधान में यह स्पष्ट रूप से लिखा है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से ऐसे कार्य या कारखाने आदि में नहीं रखा जाये। कारखाना अधिनियम,बाल श्रम निरोधक कानून आदि में भी बच्चों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है। मगर बच्चे आज भी घरेलू नौकर का कार्य करते हैं।

### मासूमो का भविष्य अंधकारमय

बच्चों को पढ़ने-लिखने और खेलने-कूदने से वंचित करना सबसे बड़ा अपराध है। बाल श्रम को केवल कानून बनाकर ही नहीं रोका जा सकता। आवश्यकता इच्छा शक्ति की है। हमें अपने प्रयासों को तेज करना चाहिये और बच्चों का भविष्य संवारने के लिए वह हर जतन करना चाहिये,जिससे बच्चे बाल श्रम की इस कुत्सित प्रथा और मजबूरी से मुक्त हो सकें। लेकिन भारत भविष्य कहलाने वाले मासूमो का जीवन अंधकारमय की ओर जा रहा है।

### शिक्षा का अभाव

भारत का भविष्य कहलाने वाले नन्हें-मुन्हें बच्चे हाथों में कॉपी,किताब,पेन की बजाय सरकारी एवं लग्जरी बसों के आते ही सड़कों पर ऐसे दौड़ते हुए पानी की बोतलें, नाश्ता इत्यादि बेचते अक्सर नजर आते है। जहां ये कभी भी दुर्घटना का आगोश में आ सकते है। शुरूआत से ही शिक्षा के अभाव के कारण इन बच्चों के दिमाग में गलत विचारधारा पनपती है और वे भविष्य की राह से भटक जाते है।

### सरकार के बड़े-बड़े दावे खोखले

भले ही सरकारों की ओर से गरीब लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। पर इन दावों की हवा निकलती हुई आमतौर पर देखी जा सकती है। अपने दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करने के लिए, कोई अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए, तो कोई अपने बूढ़े मां-बाप की दवाई के लिए मजबूरन बाल मजदूरी को गले लगा रहा है। कुछ बच्चे गंदगी के ढेरों में तलाशते, कारखानों, होटलों, ढाबों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों पर बाल मजदूरी करने के लिए मजबूर हैं।

## महाराष्ट्र चुनावों में मिली प्रचंड विजय



सिंगरौली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश उप चुनावों पर मिली प्रचंड विजय पर भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर विजय उत्सव मनाया तथा आतिशबाजी के साथ मिठाइयां बांटी।

जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला कार्यालय में एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड विजय पर एक दूसरे को बधाई प्रेषित की तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के विजय का असर पूरे प्रदेश समेत जिले में भी दिखाई दिया तथा पार्टी के विजय उत्सव पर जमकर आतिशबाजी की गई। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि दोपहर से ही परिणाम रूझानों को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पर एकत्रित होने लगे तथा एक दूसरे को बधाई देते नजर आये। अपने वक्तव्य में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने कहा कि महाराष्ट्र में अब तक ये हमारा सबसे बढ़िया प्रदर्शन है और झारखंड में भी पार्टी ने अच्छी सीटें प्राप्त की हैं जो पिछली बार से प्रदर्शन से काफी ज्यादा हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जनप्रिय योजनाएं और भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों ने इस विजय का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तर प्रदेश उप चुनावों में मिली प्रचंड जीत योगी जी के कुशल प्रशासक होने का प्रमाण है। इस दौरान राजेश तिवारी, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, संतोष वर्मा, जिला महामंत्री ध्रुव सिंह, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष संदीप चौबे, विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट संयोजक प्रदीप शाह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेदखल आदेश के बाद भी नहीं खुला आम रास्ता

### आक्रोशित ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने प्रशासन से लगाई गुहार

सिंगरौली। देवसर मामला राजस्व विभाग के तहसील देवसर का है,जहां ग्राम पंचायत हर्रा चंदेल के ग्राम कटौली में इन दिनों मध्य प्रदेश शासन को जमीन पर गिद्दी की नजर पड़ी हुई है। हालांकि अभी कुछ दिन पूर्व ही झखरावल सेमरा नदी से सटी मध्य प्रदेश शासन की भूमियों पर प्रशासन का बुलडोजर चला है,उसके बाद भी अवैध अतिक्रमण कार्यों पर विशेष असर होता नहीं दिखाई दे रहा है विदित हो कि आवेदक आक्रोशित ग्रामीणों ने कटौली तहसील देवसर जिला सिंगरौली मप्र द्वारा कटौली स्थिति भूमि खसरा नम्बर 287/0/26हे. के अंश भाग 0.0480 पर अनावेदक गण द्वारा किये गये कब्जा पर मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 131 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। किए गए आवेदन की जांच पड़ताल के पश्चात पाया गया कि खसरा क्रमांक 287 रखवा लव 0.260 हेक्टेयर शासकीय रास्ता के अंश रकवा पर अवैध कब्जा किया गया है वहीं अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसीलदार तहसील देवसर द्वारा अवैध कब्जा धारियो को उक्त रकवा से बेदखल किए जाने का आदेश पारित किया गया है लेकिन अब तक मौके से अवैध कब्जा धारी उक्त रकबे पर काबीज हैं और आम रास्ता अभी भी अवरुद्ध है। इसके संबंध में ग्रामीणों के द्वारा आदेश का पालन करने शासन प्रशासन से गुहार लगाया गया है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ क्षय जागरूकता कार्यक्रम

सिंगरौली। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वैढन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में क्षय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य कैलाश तंतुवाय एचओडी अविकल प्रताप सिंह व्याख्याता जय प्रकाश जायसवाल प्रदीप सिंह डीटीसी से जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक शाह पिरामल फाउंडेशन से डीपीओ तुलसी कुशवाहा टीबीएचवी कंचन जायसवाल एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को तुलसी कुशवाहा के द्वारा बताया गया की टीवी किसी को भी हो सकता है। यह टीवी के संक्रमित व्यक्ति के द्वारा खांसने छीकने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में हवा के जरिए फैलता है।

## बहुचर्चित फरार कबाड़ी भानू गिरफ्तार

### दो लाख रुपए कीमती चोरी स्क्रैप के मामले में चल रहा था फरार

### कूटरचित तरीके से फर्जी कागजात तैयार कर स्क्रैप छुड़ाने का प्रयास नाकाम



सिंगरौली। कोतवाली पुलिस ने पिछले महीने माजन मोड़ से स्क्रैप से लदे एक मिनी ट्रक को जब्त किया था। जिसमें दो लाख रुपए कीमत की 6580 किलो ग्राम लोहे का स्क्रैप लोड था। चर्चित कबाड़ी भानू पहले तो कूटरचित तरीके से फर्जी कागजात बनवाकर छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन सफल नही और फरार हो गया। जिसे आज शनिवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली अशोक सिंह परिहार ने बताया कि 17 अक्टूबर को सूचना मिली की ट्रक क्रमांक एमपी 53 जेडबी1993 में अवैध रूप से स्क्रैप लोड होकर माजनमोड़ से निकलने वाला है। कोतवाल ने सूचना के बाद तत्काल एक टीम भेजकर उक्त ट्रक को जब्त करते हुए कोतवाली में खड़ा करा लिया। जहां जांच के दौरान ट्रक में दो लाख रुपए कीमत की 6580 किलो ग्राम स्क्रैप लोड था। वहीं मौके पर चालक केशव प्रसाद द्विवेदी ने ट्रक में लोड स्क्रैप के संबंध में कोई दस्तावेज नही था। ट्रक में लोड स्क्रैप भानू प्रताप सिंह उर्फ रविनंदन सिंह निवासी माजन खुर्द द्वारा अपने कबाड़ दुकान से लोड कराना बताया। जिसकी बारिकी से जांच के बाद ट्रक में लोड स्क्रैप चोरी का होना पाया गया। जहां पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामला कायम करते हुए विवेचना में ले लिया। बताया गया कि कबाड़ संचालक भानू प्रताप सिंह ने जब्तशुदा ट्रक में लोड स्क्रैप का फर्जी कूटरचित बिल एमएस प्रोबुल्ड इंजिनियरिंग वर्कशाप नंदगांव के प्रोपराइटर कृष्णा कुमार यादव से तैयार कराकर ट्रक एवं स्क्रैप छुड़ाने का प्रयास किया जा रहा था। स्क्रैप के बिल की जांच के दौरान कूटरचित बिल पाए जाने पर मामले में और धारा बढ़ा दी गई। फर्जी कूटरचित बिल तैयार करने वाले आरोपी कृष्णा कुमार यादव को भी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कबाड़ व्यवसायी भानू प्रताप सिंह फरार हो गया था। जिसे शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय से जेल भेज दिया है। उक्त कार्रवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में कोतवाल अशोक सिंह परिहार, सउनि अरविंद द्विवेदी, उमेश द्विवेदी,पप्पू सिंह,प्रआर धर्मेन्द्र रावत,अनिल नबैत,आर गजेन्द्र धाकड़,दुम्मन पन्द्रे की भूमिका रही।

## निर्माण कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ करें पूर्ण : कलेक्टर

### निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित




सिंगरौली। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण विभागो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर द्वारा जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी विभागवार लेने के बाद निर्देश दिये कि चल रहे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे संविदाकार जिनके द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही की जा रही है उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें तथा सभी निर्माण अधिकारी इस चीज का ध्यान दें कि निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन जन प्रतिनिधियों से कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नवीन निर्माण कार्यो के लिए जमीन आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया तत्काल करें। यदि किसी प्रकार का अवरोध या अतिक्रमण है तो तत्काल संबंधित अधिकारी से सम्पर्क कर हटाने की कार्यवाही करें। वहीं कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो को समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने गोड़ परियोजना के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही ऐसे अधिकारी जो बैठक में अनुपस्थित है उनके विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में निर्देश दिया गया कि कार्य के गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर संबंधित एजेसी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## विधायक व कलेक्टर ने निर्माणधीन माईनिंग कालेज का किया निरीक्षण

सिंगरौली। सिंगरौली विधायक राम निवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संयुक्त रूप से तियरा में निर्माणाधीन माईनिंग कालेज का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारी एवं संविदाकार को चल रहे निर्माण कार्य को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिया गया। विदित हो कि मानिंग कालेज का निर्माण कार्य 60 करोड़ के लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं कलेक्टर के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण भी किया गया। इस दौरान पार्षद संतोष शाह, कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार, अभय सिंह एवं संविदाकार आदि उपस्थित रहे।

## अमहा व नौढ़िया कोटेदार पर तीन महीने का राशन न देने का आरोप

### ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

सिंगरौली

नगर परिषद सरई अंतर्गत अमहा व नौढ़िया पंचायत के ग्रामीणों को कोटेदार ने तीन महीने से राशन नही दिया है। कोटेदार ग्रामीणों का अंगुठा लगवाकर सिर्फ रसीद दे दिया है। जब ग्रामीण राशन लेने जाते हैं तो धमकी देते हुए कोटेदार द्वारा बोला जाता है कि जहां शिकायत करना है तो कर दो राशन नही मिलेगा। कोटेदार से त्रस्त ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम देवसर से किया है। जानकारी के अनुसार सरई परिषद के अमहा और नौढ़िया गांव के सैकड़ों ग्रामीण व पार्षद देवसर एसडीएम को पत्रक देकर गांव के कोटेदार पर सितंबर अक्टूबर नवंबर माह का मशीन पर अंगुठा लगाने के बाद भी खाद्यान्न वितरण नहीं किये जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के कोटेदार गांव के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करता है, नापतौल में भी कम खाद्यान्न देते हैं। अंगुठा लगाने के दस दिनों बाद खाद्यान्न देते हैं। सितंबर माह से लगभग गांव के तीन सौ से अधिक कार्ड धारकों से अंगुठा लगवाने के बाद खाद्यान्न नहीं दिया।

## विंध्याचल में नवाचार व शिक्षा को बढ़ावा देने कार्यशाला का हुआ आयोजन



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल मे नवम्बर माह मे कोर वैल्यूज उत्सव के अंतर्गत क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में नवाचार और शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया। इस सत्र का उद्घाटन संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने किया, जिन्होंने कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल विभिन्न भूमिकाओं और कार्यों में नवाचार की अपार क्षमता से भरा हुआ है। उन्होंने इस संस्था को सही दिशा में लगाकर परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त करने के महत्व को रेखांकित किया। इन विचारों का समर्थन करते हुए राजशेखर पालाए महाप्रबंधक प्रचालन ने इस सत्र के प्रभाव को स्वीकार किया और एनटीपीसी विंध्याचल की निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता को उजागर किया। नवंबर महीने के कोर वैल्यू चैंपियन सुमन कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक प्रचालन ने सत्र की सराहना की और इसे नवाचार पर आधारित एक मूल्य आधारित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में सहायक बताया। उन्होंने इस तरह की पहलों की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि कर्मचारियों को नवाचार की प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। सभी प्रतिभागियों ने नवाचार को सफलता की दिशा में अपनाने के प्रति अपनी उत्सुकता व्यक्त की।

## जयंत पुलिस ने तीन नाबालिक बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुर्पुद



सिंगरौली। जयंत पुलिस ने तीन नाबालिक बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों को सुर्पुद कर दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनोज खत्री के निर्देशन में जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार ने की है। जानकारी के अनुसार फरियादी ओमप्रकाश कहार पिता जोखूलाल कहार निवासी जीएम आफिस के पीछे जयंत ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 नंवबर के सुबह करीब 10.30 बजे उसका लड़का उम्र 12 वर्ष तथा उसके पड़ोसी अवधेश राय का लड़का उम्र 10 एवं 12 वर्ष के घर से हायर सेकण्डरी स्कूल जयंत पढने गये थे,जो न तो स्कूल पहुंचे न ही घर वापस आये है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जहां विवेचना दौरान अपहृता बालको की पता तलास के लिए रात में ही एक टीम गठित की गई, जो रातभर अपहृत बालकों की पता तलास करती है। अन्तत: पुलिस ने तीनो लड़को को दस्तयाब किया। अपहृत बालको ने पूछतांछ में बताया गया कि हम पांच लड़के घर से स्कूल गये थे। स्कूल पहुंचने पर लेट हो जाने से स्कूल का गेट बंद हो गया था। जिस कारण से हम पांचो लड़के अपने-अपने घर वापस जाने हेतु स्कूल से वापस घर निकले थे, जिसमें से दो लडके अपने घर चले गये थे एवं तीनो लड़के स्कूल से बस स्टैण्ड जयंत गये थे एवं बस स्टैण्ड में ही रात रूके गये। जिस पर पुलिस द्वारा पता तलाश किये जाये पर जयंत बस स्टैण्ड से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि सुधाकर सिंह परिहार, सउनि उत्तम सिंह, श्यामबिहारी द्विवेदी, राजवर्धन सिंह, प्रआर सिरदेलाल उईके, आर. अशोक यादव, जीवन सिंह भूमिका रहा है।

## क्योंटली एवं खैडार पंचायत में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित



सिंगरौली। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के जल शक्ति अभियान एवं मनरेगा योजना से जिले में स्थापित जल शक्ति केंद्र के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन से जिले में जन भागीदारी से जल संरक्षण हेतु जल संवाद कार्यक्रम जिला पंचायत एजनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 16 नवंबर से 24 नवंबर तक चलाया जा रहा है। जिसमें सिंगरौली जिले के अंतर्गत जल के विभिन्न आयामों एचुनौतियोंए सभी को स्वच्छ जल की उपलब्धता के साथ सतत जल प्रबंधन और संरक्षण में समाज के सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जनपद पंचायत चितरंगी की क्योंटिली एवं खैडार पंचायत में 23 नवंबर तक कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच,पंच सचिव, सहायक सचिव, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, स्वच्छताग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता,स्व सहायता समूह की दीदीयाएविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जन को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रशिक्षित एवं प्रेरित किया जा चुका है।

# साढ़े तीन लाख गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

## मझौली पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों पर की कार्यवाही

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन व एसडीओपी कुसमी रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक दीपक सिंह बघेल के नेतृत्व में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की कार में दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ब्यौहारी से सीधी तरफ जा रहे हैं।

सूचना प्राप्त होने पर चमराडोल बनास नदी हनुमान मंदिर के पास ब्यौहारी रोड पर पहुंचकर नाकाबंदी की गई, जो कुछ समय के बाद मुखबिर द्वारा बताये अनुसार एक सफेद रंग की कार ब्यौहारी तरफ से आते दिखी, जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर रोंकने का प्रयास किया गया, जो वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए थाना की शासकीय वाहन क्र. एमपी 03 ए 3482 में ठोकर मारा



जिससे शासकीय वाहन सामने बांये तरफ क्षतिग्रस्त हो गया।

### इन आरोपियों पर की गई कार्यवाही

पुलिस द्वारा घेराबंदी के के बाद पकडे गए कार चालक से नाम पता पूंछा गया जो अपना नाम संतोष कुमार साकेत पिता ददी प्रसाद साकेत उम्र 31 वर्ष निवासी रामपुर थाना कोतवाली जिला सीधी मप्र एवं साथ में बैठा दूसरे व्यक्ति का नाम पता पूंछा गया जो अपना नाम अमरेश उर्फ रिन्कू साकेत पिता पुसई साकेत उम्र 42 वर्ष निवासी मडरिया वार्ड नं. 21 थाना कोतवाली जिला सीधी मप्र के होना बताये एवं कार क्र. एमपी 53 जेडसी 4129 की तलासी डिग्गी को खोलवा कर ली गई जो डिग्गी के अंदर आसमानी रंग की पोलीथिन के 46 नग छोटे बडे पैकेट मिले, जो उक्त पैकेट को खोलकर देखा गया तो मादक पदार्थ गांजा कुल 30 किलोग्राम कीमती 3 लाख 60 हजार रूपये का पाया गया।

### संदेहियों के पास नहीं मिला कोई कागजात

उक्त बरामद सुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबंध में संदेही/आरोपियों से वैध कागजात की मांग की गई जो कोई कागजात पेश नही किया। जिससे आरोपी/संदेहियों का यह कृत्य धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से बरामद सुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा को मुताबिक जप्ती पत्रक के विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी अमरेश उर्फ रिन्कू साकेत पिता पुसई साकेत उम्र 42 वर्ष निवासी मडरिया वार्ड न. 21 एवं संतोष कुमार साकेत पिता ददी प्रसाद साकेत उम्र 31 वर्ष निवासी रामपुर थाना कोतवाली जिला सीधी मप्र के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की जाकर उक्त दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### इनकी रही प्रमुख रूप से भूमिका

उक्त कार्यवाही मे सउनि कमलेश त्रिपाठी, सउनि अरुण सिंह, सउनि अमोल सिंह, प्रआर महेन्द्र सिंह, प्रआर राजकुमार सिंह, प्रआर विजय सिंह, प्रआर धीरेन्द्र सिंह बागरी, प्रआर बृजेश पनिका, आरक्षक दीपनारायण सिंह, तिलकराज सिंह का अहम योगदान रहा।

## जिला न्यायालय में आयोजित होगा 02 दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 25.11.2024 एवं 26.11.2024 को आयुष्मान विभाग जिला चिकित्सालय के समन्वय से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु जिला न्यायालय परिसर सीधी में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने अपील की है कि जिला सीधी में निवासरत सभी वृद्धजन उक्त शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकते है।

## पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न, की शानदार आतिशबाजी



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश और विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में शानदार प्रचंड जीत के उपलक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में शानदार आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, राम प्रसाद बैस, डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी, संजय सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, प्रमोद द्विवेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, सुधीर शुक्ला, जिला महामंत्री विनोद साकेत, सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, पूनम सोनी, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, डॉक्टर मनोज सिंह परिहार, पुष्पराज सिंह चौहान, शिवदान साकेत, विभा शर्मा, पुनीत त्रिपाठी, राजकुमार मिश्रा, प्रभात शंकर शर्मा, पंकज पांडे, पुष्पराज मिश्रा, अजीत वर्मा ,महिमा तिवारी, मोहम्मद कलाम, प्रदीप सिंह, बाबूलाल कुशवाहा, महेंद्र यादव, हरिनाथ सिंह, पुनीत त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह परिहार, हरिकेश साकेत, मन्नालाल चौधरी सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे जश्न में शामिल रहे।

# विद्युत पेंशनर्स की बैठक संपन्न

## 25 नवंबर से विद्युत पेंशनर्स देंगे धरना



**सीधी।** विद्युत पेंशनर प्रभारी सीधी और शहडोल प्रांतीय उपाध्यक्ष भीमसेन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि सीधी वृत्त के विद्युत पेंशनर्स के 15 सूत्री मांग के संबंध में अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी के द्वारा समस्याओं का निराकरण आज दिनांक तक न किए जाने के कारण दिनांक 25 नवंबर से श्रमिक धरना एवं प्रदर्शन की सूचना दिनांक 9 नवंबर 2024 को माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को संबोधित करते हुए क्रमिक धरना एवं प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष करने हेतु सूचना जारी किया था। दिनांक 20 नवंबर को अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी से स्वयं मौखिक रूप से 15 सूत्री समस्याओं के संबंध में चर्चा किया गया। परंतु समस्याओं का निराकरण लिखित रूप से सूचना आज दिनांक तक अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सिद्धि के माध्यम से अवगत नहीं कराया गया जिसके कारण आज दिनांक 23 नवंबर को पुन: विद्युत पेंशनर्स ने बैठक करणी उपरांत यह निर्णय लिया है कि पूर्व सूचना के आधार पर दिनांक 25 नवंबर 2024 से अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सिद्धि के प्रांगण में क्रमिक धरना एवं प्रदर्शन जारी करेगा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के लिए कंपनी एवं शासन जवाबदार होंगे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 की तैयारी बैठक 25 नवम्बर को

**सीधी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सदस्य सचिव जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविन्द श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 05 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक किया जाना है। उन्होने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के आयोजन की तैयारी के संबंध में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में दिनांक 25.11.2024 को टी.एल. बैठक के पश्चात् कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीधी में बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होने सभी संबंधितो को सूचित किया है कि बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# साईं ज्योति स्कूल में फूड फेस्ट मेले का हुआ आयोजन

**सीधी।** साई ज्योति पब्लिक हायर सेकंड्री स्कूल पनवार में फूड फेस्ट मेले का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश द्विवेदी, सरपंच एवं विशिष्ट अतिथि महेश सिंह सेंगर, सचिव, डायरेक्टर ममता सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के एम.डी. नरेंद्र सिंह ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया और छात्रों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा रिबन काटकर मेले के स्टॉल को चालू किया गया। मेले में साई ग्रुप, सफायर ग्रुप, पर्ल ग्रुप एवं ओपल ग्रुप के छात्रों द्वारा स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में कई प्रकार के व्यंजन, वेस्टेज चीजों से निर्मित खेल-खिलौने एवम घरेलू सामग्रियां, दैनिक



जीवन में उपयोग की आने वाली वस्तु और कई अन्य चीजे उपलब्ध रहीं। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक अनोखा कार्यक्रम हैं। इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों के आत्मबल को मजबूती प्रदान होती है और सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। किताबी ज्ञान के साथ साथ इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करता है। वहीं, साई ज्योति स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ सभी अलग अलग गतिविधियों ( संगीत, कला, नृत्य एवं ड्रामा) को बराबर की भागीदारी दिया जाता हैं तभी तो बहुत कम समय में विद्यालय ने जिले में अपना अलग मुकाम हासिल किया है। फूड फेस्ट मेला मे साई ग्रुप की कैप्टन अनुराधा पांडेय, वाइस कैप्टन रुचि द्विवेदी एवं टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं ओपल ग्रुप की कैप्टन नैंसी दुबे, वाइस कैप्टन नवी सिंह एवम टीम ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। पर्ल ग्रुप की कैप्टन दर्शिका सिंह, वाइस कैप्टन सुमित कुमार तिवारी एवं टीम ने तृतीय स्थान अर्जित किया। सफायर ग्रुप कैप्टन साक्षी सिंह, वाइस कैप्टन तनु शुक्ला एवम टीम ने चौथा स्थान अर्जित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सुधांशु सिंह, मैनेजर प्रकाश सिंह, प्रिंसिपल बृजेश तिवारी, एच.एम. आकांक्षा सिंह, परीक्षा प्रभारी विकास वर्मा, टीचर अनुपम सिंह, संदीप शुक्ला, कामिनी अग्रहरी, प्रिया सिंह, आंचल सिंह, उर्मिला रानी, मांशी तिवारी, शिवानी सिंह, धनेश यादव, साक्षी पांडेय, कविता पनिका, राजकुमार पटेल-मेला प्रभारी, शिवानी सिंह परमार, सुनील सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बंटी सिंह एवं प्रदीप विश्वकर्मा का अहम योगदान रहा।

## जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण है : उप संचालक कृषि

**सीधी।** उप संचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में किसानों के रबी कृषि कार्य के लिए डीएपी उर्वरक की कमी की पूर्ति हेतु रीवा रैक प्वाइंट से सीधी जिले को 325 मै. टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिसमें सहकारी समितियों को 175 मै.टन, विपणन संघ को 150 मै.टन प्राप्त हुआ है। साथ ही बरगिवां रैक प्वाइंट से 500 मै.टन डीएपी मिलने का सम्भावना है। जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो चुका है। किसानों के मांग अनुसार उर्वरक भण्डारण के लिए वरिष्ठालय के सतत् सम्पर्क में हैं है किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी जिले में नहीं है। वर्तमान समय पर जिले में डीएपी के साथ-साथ यूरिया 4701, एनपीके 119 एवं सुपर फास्फेट 106 मै.टन उपलब्ध है। डीएपी विकल्प के रूप में किसान भाई एएपीएस 20:20:0:13 एवं नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें, जो डीएपी की तुलना में सस्ता एवं प्रभावी होता है। यह उर्वरक विपणन संघ के गोदाम एवं निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। उप संचालक कृषि द्वारा जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे रबी कृषि कार्य हेतु अपनी आवश्यकतानुसार नजदीकी उर्वरक विक्रय केन्द्र से निर्धारित दर पर समय से उर्वरकों का उठाव करने का कष्ट करें, ताकि उर्वरक को लेकर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उर्वरक के संबंध में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के लिए किसान भाई अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या अपने विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## उर्वरकों, बीज का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने संयुक्त दल गठित

**सीधी**

मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जिले में समस्त निजी एवं सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्रों में किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरकों/बीज का वितरण सुचारू रूप से किये जाने एवं कालाबाजारी रोकने के लिए, कृषि, राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित किया गया है।

जारी आदेशानुसार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दल प्रभारी होंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, उप आयुक्त सहकारिता, थाना प्रभारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सदस्य होंगे।

उपरोक्त गठित दल संबंधित क्षेत्र में मानिटरिंग एवं आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी वितरण केन्द्र पर ज्यादा भीड़भाड़ अथवा लाइन लगने की गंभीर स्थिति निर्मित होती है तो संबंधित क्षेत्र के कर्मचारी अपने समक्ष नियमानुसार उर्वरक का वितरण करा सकेंगे।

यदि किसी विक्रेता द्वारा कोई अनियमितता की जाती है तो उसकी जानकारी कलेक्टर कार्यालय जिला सीधी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि संबंधित विक्रेता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

## महाराष्ट्र में मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का परिणाम : सांसद



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने महाराष्ट्र विधानसभा में मिली भारतीय जनता पार्टी और महायुती गठबंधन को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का परिणाम बताया है। साथ ही सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव मे भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जनता जनार्दन के साथ-साथ पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है, परिणाम बता रहे हैं। अपने शुभकामना संदेश में लोकसभा के सांसद डॉक्टर मिश्रा ने महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में हुए चुनाव और उपचुनावों के लिए मतदान में हिस्सा लेने एवं राष्ट्रवादी ताकतों को और मजबूती प्रदान करने के लिए सभी जनता जनार्दन का दोनों हाथ जोड़कर आभार व्यापित करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## खनिज कोयला की दो व्यापारिक अनुज्ञप्तियों को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निरस्त किया

**सीधी।** खनि अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर के आदेशानुसार सीधी जिले के तहसील बहरी में खनिज कोयला हेतु राममूरति कोल पिता राजमणि कोल निवासी छुहिया पोस्ट खुटेली तहसील बहरी एवं मयंक सिंह बघेल पिता प्रदीप सिंह बघेल निवासी चंदैनिया तहसील चुरहट को ग्राम बहरी तहसील बहरी जिला सीधी को खनिज कोयला हेतु व्यापारिक अनुज्ञप्तियाँ स्वीकृत की गई थी। उन्होने बताया कि अनुज्ञप्तियों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों की पूर्ति के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर 30 दिवस में जवाब चाहा गया था किन्तु व्यापारिक अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा नोटिस के संबंध में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने एवं नियम/शर्तों के उल्लंघन फलस्वरूप कलेक्टर द्वारा जारी आदेश दिनांक 30.01.2024 तथा 28.04.2023 द्वारा जारी व्यापारिक अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालतों के क्रम मे वर्ष की चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा व्यवहार न्यायालय चुरहट, मझौली व रामपुर नैकिन में किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन राशि वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, श्रम न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों सिविल प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन प्रकरणों नगर पालिका से संबंधित जलकर एवं संपतिकर बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण, विद्युत विभाग से प्रीलिटिगेशन प्रकरण का निराकरण भी नेशनल लोक अदालतों के माध्यम से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## पुलिस अपने कर्तव्यों का करे पालन, बैठक में दिया गया निर्देश

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में मासिक क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली। विगत माह की कार्यवाहियों का जायजा लेते हुए अधिकतम अपराध निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, एसडीओपी कुसमी रोशनी ठाकुर समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत वर्तमान माह के अपराध निराकरण



का विगत के दो वर्षों के माह नवंबर के साथ तुलनात्मक अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही कई बिंदुओं पर विशेष कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। अधिकतम अपराधों का निराकरण कर जल्द से जल्द कर पीड़ित को न्याय दिलाएं। आमजन द्वारा की गई शिकायत की जल्द से जल्द जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाएं। लोक शांति में बाधक तत्वों को न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित कर कार्रवाई करवाएं। स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट के शेष आरोपियों को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करें एवं लंबित की संख्या को शून्य पर लाएं। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित हुई अपराधों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। महिला यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपियों की संपत्ति कुर्क की कार्रवाई करवाएं। गंभीर एवं चिन्हित मामलों में ट्रायल की गति को बढ़वाकर आरोपियों को जल्द से जल्द सजायाब करवाएं साथ ही प्रयास करें कि किसी भी मामले में आरोपी बरी न होने पाए। खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले आरोपियों पर कठोर कार्यवाही कर प्रयुक्त वाहनों के राजसात की कार्यवाही करवाएं। भू-माफिया, अवैध शराब व्यापारी, खाद बीज की कालाबाजारी, राशन कालाबाजारी करने वाले आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही कर उक्त मामलों के अपराध को पूर्ण रूपेण समाप्त करें। चोरी एवं गृहभेदन के आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी की गई संपत्ति का शत प्रतिशत वापस करवाने का प्रयास करें। सभा के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी को पुरस्कृत किया अपराध समीक्षा बैठक का समापन किया गया।

## औषधि व सुगंधित पौधों की खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल ।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला उमरिया मध्यप्रदेश के द्वारा औषधि एवं सुगंधित पौधों की खेती के बारे में आजीविका मिशन के अंतर्गत जुड़े समूहों को 21 नवम्बर चकरघर शिव साधना आरोग्य धाम, ग्राम- सेमरिया, ग्राम पंचायत देवगवा, विकासखण्ड सोहागपुर, जिला शहडोल में प्रशिक्षण रखा गया जिसमें संरक्षक आर के पटेल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सिया रोज गार्डन एंड मेडिसिनल प्लांटेशन समिति की अध्यक्ष श्री मती सिया दुलारी पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा सिंह पटेल एवं आशीष पटेल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया उमरिया प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन के लिए आईसीसी ने बुलाई आपात बैठक



**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने 26 नवम्बर को अपनी बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है, जिसमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर चर्चा की जाएगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह जानकारी मिली है कि बैठक का एकमात्र एजेंडा यह है कि क्या टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाए, जिसमें पाकिस्तान और किसी अन्य देश में इसे आयोजित किया जाए।

टूर्नामेंट की संभावित शुरुआत से 100 दिन से भी कम समय बचा है। मेज़बान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे 19 फ़रवरी से 9 मार्च तक आयोजित करने के लिए निर्धारित किया है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक शेड्यूल जारी नहीं किया है। लेकिन इस पर अभी इससे भी ज़्यादा बड़ा रोड़ा अटका हुआ है। बीसीसीआई ने आईसीसी को सूचित किया है कि भारतीय सरकार ने रोहित शर्मा की टीम को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति नहीं दी है। पाकिस्तान को नवंबर 2021 में इस आठ-टीम के वनडे टूर्नामेंट की मेज़बानी के अधिकार दिए गए थे और वह तीन वेन्यूज़ - लाहौर, कराची और रावलपिंडी में पूरे टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए अडिग है।

पाकिस्तान में इस सप्ताह मीडिया से बात करते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने कहा था कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी पाकिस्तान में आयोजित होने के बारे में सकारात्मक अपेक्षाएं हैं। नक़वी पाकिस्तान सरकार के गृह मंत्रालय के प्रमुख भी हैं, उन्होंने कहा कि वह बीसीसीआई से इस गतिरोध को तोड़ने के लिए संवाद करने के लिए तैयार हैं। पीसीबी आईसीसी से इस बात का जवाब पाने का इंतज़ार कर रहा है कि भारत को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पाकिस्तान को भारत की वजह से टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के प्रश्न से जूझना पड़ा है। पिछले वर्ष एशिया कप के लिए भी भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था, जिसके चलते टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित करना पड़ा था। इसके ठीक बाद पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ी थी, पीसीबी ने हाल ही में कहा था कि उसने यह फ़ैसला इसलिए किया था ताकि इसके चलते उसे चैंपियंस ट्रॉफ़ी केवल पाकिस्तान में ही आयोजित किए जाने का ठोस आधार मिलेगा।

## सुनील गावस्कर ने फर्जी लेख पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने का पुरजोर खंडन किया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को नेतृत्व में एक नया युग- बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था।



गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वीडियो में गावस्कर ने कहा-हाय, मैं सुनील गावस्कर हूं, और मैं कहना चाहता हूं कि क्रिकेट सेप्शन नामक एक वेबसाइट है, जिसने मेरे नाम से एक लेख छापा है।

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः



## पर्थ में बरसे जसप्रीत बूमराह

● दूसरे दिन की पहली ही गेंद पर की कपिल देव की बराबरी

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ टेस्ट में कमाल करके दिखाया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपने जाल में फंसाया और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। बुमराह ने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के खास रिकॉर्ड की बराबरी की है जो यह साबित करता है कि यह गेंदबाज भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल है। जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को अपनी पहले ही गेंद पर विकेट हासिल किया। उन्होंने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को पवेलियन का रास्ता दिखाया जो कि उनके इस मैच में पांचवें शिकार बने। यह बुमराह के टेस्ट करियर का 11वां फाइफर (एक मैच में पांच या उससे ज्यादा विकेट) है। उन्होंने भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान और इशांत शर्मा की बराबरी की है। बुमराह ने 41 मैचों में यह काम किया है जबकि जहीर खान ने 9 और इशांत शर्मा ने 105 पारियों में 11 फाइफर लिए हैं।

वहीं जसप्रीत बुमराह अब सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में भारत की ओर से सबसे ज्यादा बार पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होने सातवीं बार यह कमाल किया है। उन्होंने यहां भारत के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान और तेज गेंदबाज कपिल देव की बराबरी की है। कपिल देव ने भी सेना देशों में सात बार पांच विकेट हॉल लिया है।

एशिया में सेना देशों में सबसे ज्यादा फाइफर लेने के मामले में वह चौथे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है पाकिस्तान के वसीम अकरम जिन्होंने 11 बार या कमाल किया, 10 बार श्रीलंका के मुथैया मुरलीथरन और 8 बार इमरान खान ने यह कारनामा किया है।

जसप्रीत बुमराह ने इस साल टेस्ट मैचों में 46 विकेट ले लिए हैं। वह 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह ने भारतीय स्पिनर अश्विन की बराबरी की है। अश्विन भी 10 ओवर में 46 विकेट ले चुके हैं।



# पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया का दबदबा

● पर्थ टेस्ट में भारत ऑस्ट्रेलिया से 218 आगे स्टंप्स तक स्कोर 172/0 ● ओपनर्स नाबाद लौटे ● जायसवाल शतक के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 218 रन की बढ़त बना ली है।

भारतीय टीम ने शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना नुकसान के 172 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल 90 और केएल राहुल 62 रन पर नाबाद लौटे। दोनों 346 गेंद में 172 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप कर चुके हैं। पर्थ में आज ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 67/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। टीम ने 37 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए थे। इस तरह भारत को पहली पारी के बाद 46 रन की बढ़त मिली थी।

विकेटकीपर एलेक्स कैरी अपने पहले दिन के स्कोर में 2 रन ही जोड़ सके और कुल 21 रन बनाए, जबकि नाथन लायन ने 5 रन का योगदान दिया। मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को 2 विकेट मिले। मुकाबले के पहले दिन शुक्रवार को भारतीय टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी।

अबू धाबी टी-10

## जॉस बटलर ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले 46 गेंदों में ठोके 122 रन, 12 छक्के उड़ाए!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जॉस बटलर तो रुकने का नाम नहीं ले रहे. हर मैच में बल्ले से धमाका कर रहे हैं. आईपीएल 2025 के ऑक्शन से ठीक पहले इंग्लैंड के इस स्टार ओपनर के लिए ये खबर अच्छी है. बटलर का बल्ला इन दिनों अबू धाबी टी-10 में रन उगल रहा है. वो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. अबू धाबी टी-10 में उनका फॉर्म बाकी बल्लेबाजों से काफी बेहतर दिख रहा है. यही वजह है कि उनके धमाकेदार परफॉर्मेन्स में कंसिस्टेंसी देखने को मिल रही है.



### ➢ 46 गेंदों में 122 रन और 12 छक्के!

अबू धाबी टी-10 की टीम डेक्कन ग्लैडिएटर्स की ओर से खेलते हुए जॉस बटलर ने पहले 24 गेंदों में नाबाद 62 रन ठोके फिर सिर्फ 22 गेंदों में 60 रन जड़ दिए. और इस तरह बटलर ने 2 मैचों में 46 गेंदों का सामना करते हुए 265 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 122 रन ठोके, जिसमें 12 छक्के शामिल रहे. उन्होंने अबू धाबी ज्ञ10 में अब तक खेले दोनों मैचों में 6-6 छक्के लगाए हैं.

### ➢ बटलर के ब्लास्ट का हुआ क्या असर?

जॉस बटलर के बल्ले से हुए इन धमाकों का असर कितना हुआ अब जरा वो भी जान लीजिए. उनके पहले धमाके से चेन्नई ब्रेव्स टीम की हार हुई. वहीं 22 गेंदों पर 60 रन वाली पारी से अजमान बोल्ट्स टीम को हार मिली है. मतलब बटलर ने अपने दमखम पर अबू धाबी टी-10 में डेक्कन ग्लैडिएटर्स का परचम बुलंद किए रखा है. डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अब तक लीग में 2 मैच खेले हैं और दोनों जीते हैं. इन दोनों ही मैचों में बटलर का अर्धशतक देखने को मिला है.

### ➢ आईपीएल ऑक्शन में 2 करोड़ है बटलर की बेस प्राइस

अबू धाबी टी-10 में बटलर रनों के सम्राट हैं. छक्के जमाने के मामले में नंबर 1 हैं. ऐसे में आईपीएल ऑक्शन 2025 में उन पर पैसों की बारिश तय दिख रही है. जॉस बटलर ने आईपीएल ऑक्शन के लिए अपनी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखी है. उनके नाम की बोली सेट 1 में ही लगाई जाएगी.



## सैय्यद मुश्ताक अलीः आईपीएल ऑक्शन से पहले गरजा श्रेयस अय्यर का बल्ला, ठोका तेजतर्रार शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तहत गोवा के खिलाफ खेलते हुए मुंबई के बलेबाज श्रेयस अय्यर ने महज 57 गेंदों पर 130 रन बनाकर स्कोर 250 तक पहुंचा दिया। श्रेयस का यह शतक तब सामने आया जब आईपीएल ऑक्शन को एक ही दिन बचा है। केकेआर अपनी पिछली टीम केकेआर को दोड़ चुके हैं, जिसने 2024 का आईपीएल खिताब जीता था। श्रेयस पर दिल्ली की नजरें हैं। ऐसे में उनका यह शतक उनकी कीमत में इजाफा जरूर कर सकता है। इससे पहले रणजी ट्रॉफी के दौरान भी उन्होंने 2 तेजतर्रार शतक लगाए थे।

बैडमिंटनः

## चाइना मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी



**शेनझेन, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16 21-19 से जीत दर्ज की। भारत के सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हालांकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को तीसरी वरीयता के डेनमार्क के खिलाड़ी एंड्रियस एंटोसेन के खिलाफ 53 मिनट चले मैच में 18-21, 15-21 से शिकस्त मिली।

**47 मिनट में जीता मुकाबला**

पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16 21-19 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी पिछले चरण के फाइनल में पहुंची थी।

## तिलक वर्मा टी-20 में शतकों की 'हैट्रिक' लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 23 नवंबर 2024 को इतिहास रचा। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। इसके साथ ही वह टी20 क्रिकेट में लगातार तीन शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये। तिलक वर्मा ने इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी दोनों मुकाबलों में शतक लगाये थे।

तिलक वर्मा टी20 इतिहास में 150 से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने श्रेयस अय्यर (147 रन) के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़ दिया। तिलक वर्मा ने 67 गेंद पर 14 चौकों और 10 छक्के की मदद से 151 रन बनाए। हैदराबाद के कप्तान तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में मेघालय के खिलाफ मात्र 51 गेंद में अपना शतक पूरा कियाी। यह 10 दिन में तीसरा मौका था जब उन्होंने यह टी20 क्रिकेट में 3 अंकों का आंकड़ा पार किया।

तिलक वर्मा मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आये। उन्होंने 28 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। संयोगवश साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही तिलक वर्मा टीम इंडिया के अपने साथी संजू सैमसन के बाद लगातार टी20 शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे।

# जर्मन स्टाइल में कैसे इंटरनेशनल लेवल पर छाएगी भारतीय फुटबॉल?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल समिट जर्मनी में हो रहा है. जर्मनी के स्टटगार्ट शहर के ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान में भारत समेत दुनिया के कई नामी लोग पहुंचे हैं. चीफ मार्केटिंग और सेल्स ऑफिसर रूवेन कैस्पर ने कहा, 'हमने अनुज के साथ साझेदारी की है. हम भारत में फुटबॉल को बढ़ता देखना चाहते हैं.

हम भारत के बच्चों को फुटबॉल के जरिए आगे बढ़ाने चाहते हैं. हम पर विश्वास करने के लिए शुक्रिया.' रूवेन कैस्पर ने भारतीय फुटबॉल पर आगे बातचीत करते हुए कहा, 'हमें दो चीजें चाहिए. आपको विश्वास होना चाहिए कि हम फुटबॉल को आगे बढ़ाएंगे और आपके पास सही लोग होने चाहिए. हमने चीन में ऐसा किया है. हमने चीन में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की कोशिश की. फुटबॉल में आपको एक साझेदारी की जरूरत है. अगर आपके पास सही लोग हैं. क्लब, बोर्ड और मीडिया में तो आप बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं.' रूवेन कैस्पर ने आगे कहा, 'फुटबॉल को आप नहीं रोक सकते. फुटबॉल दुनिया में नंबर 1 है. इस खेल को हर कोई खेल सकता है. इस खेल को समर्थन की जरूरत है. भारत में सही लोग, सही इन्वेस्टर्स इसे आगे ले जाएंगे. हम और जर्मनी के दूसरे क्लब पूरी कोशिश करेंगे कि भारत में ये खेल आगे जाए.'

### ➢ भारतीय फुटबॉल पर अनुज गुप्ता की बड़ी बात

ग्लोबल समिट में तैयार हुआ रोड मैप



इसके बाद सुदेवा एफसी के को-फाउंडर अनुज गुप्ता ने कहा, 'आप सभी का शुक्रिया. मैं हमेशा कहता हूं जब समय सही होता है तो चीजें होती हैं. भारत में फुटबॉल के लिए आपको टाइम देना होगा और इंटरनेशनल लेवल पर वो आगे बढ़ेगा. हमारे कई पोस्टर बॉय है. इंटरनेशनल लेवल पर भारतीय फुटबॉल का पोस्टर बॉय नहीं है. हम इस साझेदारी से ऐसे पोस्टर बॉय आगे लाना चाहते हैं जो लाखों-करोड़ों युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित करेंगे.'

अनुज गुप्ता ने आगे कहा, 'भारतीय फुटबॉल में रोल मॉडल की कमी है. लेकिन भारत में बुंदसलीगा और लालीगा की बड़ी फैन फॉलोइंग है. अब भारत में काफी फुटबॉलर्स अच्छा कमा रहे हैं. कई फुटबॉलर्स हैं जो 50 हजार यूरो हर साल कमा रहे हैं. लेकिन कभी ये कि प्रेरणा की कमी है क्योंकि रोल मॉडल नहीं है. भारत के लोगों में सोच जगानी होगी कि वो अपने बच्चे को फिट करना चाहते हैं. उनकी ये सोच नहीं होनी चाहिए कि वो प्रोफेशनल प्लेयर बनेगा या नहीं. सोच होनी चाहिए कि बच्चा फिट हो और इसमें फुटबॉल नंबर 1 गेम है. पहले हम 4 से 12 साल के बच्चों पर ध्यान देंगे. हमें 5 से 15 साल तक के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मैच खिलाने होंगे ताकि उनके अंदर मैच टेंपरामेंट बढ़ सके. उन्हें ज्यादा अनुभव हो सके. इसके साथ-साथ और चीजें बढ़ जाएंगी. पैसा ग्रास रूट लेवल पर ही इनवेस्ट करने की जरूरत है.

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर — सीधी, रविवार 24 नवम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के सिरमौर चौराहे में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत नवनिर्मित 20 दुकानों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 20 दुकानों का लोकार्पण किया गया है।




# विकास का अच्छा माहौल बना है : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने पुनर्घनत्वीकरण योजना से नवनिर्मित दुकानों का किया लोकार्पण








**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के सिरमौर चौराहे में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत नवनिर्मित 20 दुकानों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 20 दुकानों का लोकार्पण किया गया है। व्यापारियों को इन दुकानों में पहले के मुकाबले दुगुना स्थान उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक दुकान का क्षेत्रफल 26.40 वर्ग मीटर है। साथ ही दुकानों के सामने 6 मीटर की रोड भी विकसित की गई है। अब व्यापारी इनमें ठीक ढंग से अपना व्यापार कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर सिरमौर चौराहे को अच्छे बाजार के रूप में स्थापित करना है। उप मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि डस्टबिन का उपयोग करने से कचरा इधर-उधर बिखरा नहीं रहेगा। यदि कोई कचरा सड़क पर फेकता है तो उसे ऐसा करने से रोकने के साथ ही उसे डस्टबिन में कचरा डालने के लिए समझाइश दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम पूरे रीवा शहर की अच्छे से सफाई करे और हम शहर को गंदा न करें तो सफाई के मामले में इंदौर को भी पीछे छोड़ा जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा अब तेजी से विकास कर रहा है। चारों तरफ विकास के कार्य हो रहे हैं। इसमें सभी वर्गों का साथ मिल रहा है। रीवा शहर के ह्मदय स्थल कोठी कंपाउण्ड में स्थित मनकामेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारी वर्ग का पूरा सहयोग मिल रहा है। उनके द्वारा एकत्रित की गई राशि से ही मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति में है। रीवा में विकास का अच्छा माहौल बना है। एयरपोर्ट, फ्लाईओवर और रिवरफ्रंट का अभी हाल ही में लोकार्पण किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में नशे के विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अब तक नशे के सामग्री बेचने वाले 150 से अधिक व्यक्तियों को जेल भेजा जा चुका है। नशे के विरूद्ध पुलिस को लगातार कार्यवाही करते रहने की जरूरत है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद उप मुख्यमंत्री ने नव निर्मित दुकान परिसर का निरीक्षण किया तथा बिजली, सड़क और सौन्दर्यीकरण के कार्य सहित अन्य कार्यों को किए जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल और नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। निर्माण कार्यों का तकनीकी प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह ने प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन वार्ड पार्षद अर्चना शिवदत्त पाण्डेय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवानंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम में व्यापारीगणों ने पहले से दुगुनी दुकान मिलने पर उपमुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह और पुष्पहार से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, व्यवसायी तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अटल पार्क में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस क्रम में रीवा नगर निगम क्षेत्र में सिविल लाइन के अटल पार्क में 24 नवम्बर को शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति अपने आधार कार्ड, मोबाइल फोन तथा समग्र आईडी के साथ उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते हैं। यह शिविर प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। डॉ अमित तिवारी तथा डॉ अभिजीत देशमुख ने 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों से शिविर से लाभ उठाने की अपील की है। रीवा में संजीवनी क्लीनिक हास्पिटल एवं ऑनलाइन सेन्टर में आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस कार्य में गति लाने के लिए सार्वजनिक स्थान में निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ ने सभी आमजनों से अपील की है कि स्वस्थ प्राण वायु के साथ स्वास्थ्य का बीमा भी लेकर घर जाएं। इसके साथ ही 24 नवम्बर को रीवा जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी क्षेत्र के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और संजीवनी क्लीनिक में 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वृद्धजनों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है।

## रीवा से 25 नवम्बर से शुरू होगी हवाई सेवा

**रीवा।** रीवा एयरपोर्ट से हवाई सेवा का संचालन 25 नवम्बर से शुरू हो रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया है कि रीवा एयरपोर्ट से नियमित हवाई सेवा का संचालन 25 नवम्बर से प्रारंभ होगा। इस संबंध में संपूर्ण जानकारी फ्लाईबिग की आफीशियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## हम होंगे क़ामयाब अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है।

कलेक्टर ने बताया कि कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## कमिश्नर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। अगले सप्ताह से इनकी नियमित समीक्षा की जाएगी। निर्धारित विभागीय लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण तैयार करके आगामी 10 दिनों में बैंकों में दर्ज कर दें।

## राजस्व महाभियान में लक्ष्य के शत प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि महाअभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सीमांकन, बटवारा नामांतरण तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करें। यह सभी प्रकरण निर्धारित समय सीमा से बाहर के हैं। इसके साथ-साथ अभियान के दौरान आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज होने वाले नए प्रकरणों का भी लगातार निराकरण करें जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो। सीमांकन के प्रकरणों में सेमरिया और गुढ़ की स्थिति ठीक नहीं है। सोमवार तक लक्ष्य के अनुसार प्रकरण निराकृत नहीं हुए तो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के लंबित सभी प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें। पोर्टल में मैपिंग की कठिनाई के कारण कुछ प्रकरण अन्य कोर्ट में दिख रहे हैं। इन्हें तीन दिवस में ठीक करके संबंधित कोर्ट को भेजा जा रहा है। इन प्रकरणों में भी निराकरण की कार्यवाही करें। बंटवारा और नामांतरण के सभी लंबित प्रकरण 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं अभियान चलाकर इनका निराकरण करें। इसके लिए पटवारी और कार्यालय स्टाफ की ड्यूटी लगाएं। प्रतिदिन किये गये निराकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वामित्व योजना के तहत 78 गांवों की ग्राउंड टलथिंग शेष है। इनमें ग्राउंड टलथिंग करा कर शेष कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभी 18 गांवों में ड्रोन फ्लाई होना शेष है। उनके संबंधित पटवारी को जबलपुर भेज कर नक्शा ठीक करा दें। स्वामित्व योजना के सभी आरओआर ऑनलाइन दर्ज कर दें। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायाब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## भू अर्जन के प्रकरणों का समन्वय से निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने जल संसाधन विभाग के भू अर्जन के प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बड़े निर्माण कार्यों के लिए भू अर्जन आवश्यक होता है। भू अर्जन करते समय परियोजना के हितों के साथ-साथ किसानों के भी हितों का पूरा ध्यान रखें। भू अर्जन के प्रकरण समन्वय से निराकृत करें। राजस्व विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भू अर्जन के संबंध में किसानों से सतत संवाद रखें। शासकीय कार्यों के लिए अर्जित भूमि को भू अर्जन के बाद तत्काल संबंधित विभाग के नाम दर्ज करें। परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में भू अर्जन के कारण देरी न हो इसे सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध परियोजना का बहुत बड़े क्षेत्र में विस्तार है। बांध तथा नहरों के निर्माण के लिए बहुत बड़ी संख्या में किसानों से भू अर्जन किया गया है।

## ननि आईईसी टीम द्वारा पॉलीथिन प्रतिबंध जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया



**रीवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 23-11-2024 को नगर निगम आईईसी टीम द्वारा पॉलीथिन प्रतिबंध जागरूकता अभियान के तहत् सब्जी मंडी व साईं मंदिर आदि स्थानों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, नुक्कड नाटक का उद्देश्य शहर वासियों व दुकानदारों को सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग न करने हेतु जागरूक करना है, साथ ही समझाइस दी गई कि बाजार जाते समय पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े या जूट के बने थैले का इस्तेमाल करें, इससे शहर साफ-स्वच्छ एवं सुन्दर बना रहेगा। इस नुक्कड़ नाटक में आईईसी हेड विवेक परमार, आईईसी टीम व शहर के रहवासी उपस्थित रहे।

## खराब और जले ट्रांसफार्मर तथा केबिल तत्काल बदलें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**रीवा**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी किसानों को विद्युत संबंधी समस्याएं नहीं होनी चाहिए। खराब और जले ट्रांसफार्मर तथा खराब केबिल तत्काल बदलें। विद्युत ट्रिपिंग को रोंके। विद्युत संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर विभाग के अधिकारी तत्काल उसका निराकरण करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को फीडर सेपरेशन के कार्य को गति देने तथा मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे फीडर सेपरेशन का कार्य समय में पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत संबंधी शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार शुक्ला तथा विद्युत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिले भर में खाद का सुचारू वितरण जारी : कलेक्टर

### खाद वितरण केन्द्र की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात : कलेक्टर

### करहिया मण्डी में खाद का वितरण 27 नवम्बर को



**रीवा।** रीवा जिले में 7 डबल लाक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। जिले को 21 नवम्बर को 750 टन डीएपी खाद मिली है। किसानों की मांग को देखते हुए शनिवार और रविवार के अवकाश के दिनों में भी खाद का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि करहिया मण्डी में खाद का वितरण 27 नवम्बर से किया जाएगा। यहाँ चार काउन्टर्स से खाद की बिक्री की जाएगी। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा खाद बिक्री केन्द्रों में खाद वितरण की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कृषि, सहकारिता, विपणन संघ एवं पुलिस विभाग के भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने बताया कि सेमरिया, गुढ़, जवा और चाकघाट में एसडीएम की निगरानी में खाद का वितरण किया गया है। करहिया मण्डी के चार काउन्टर्स से सुबह 10 बजे से खाद का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 18966.27 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक किसानों को 9175.06 टन यूरिया तथा 3955.96 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह किसानों को 5001.95 टन एनपीके, 24.35 टन पोटाश खाद तथा 808.95 टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद का वितरण किया जा चुका है। किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर यूरिया और एनपीके अथवा यूरिया और एसएसपी खाद का उपयोग अधिक लाभकारी है। सिंगल तथा डबल लाक से प्रतिदिन खाद वितरित की जा रही है। जिस केन्द्र में अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं वहां अधिकारियों की निगरानी में टोकन देकर खाद का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में मार्कफेड, सहकारी समिति तथा निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध है।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें
- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ
- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833